प्रेषक,

जनपद न्यायाधीश,
वाराणसी।

सेवा में,

महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

पत्रांक 981 / पन्द्रह वाराणसी दिनांक 22 मई, 2020

विषयः– न्यायालय परिसर एवं न्यायालय भवनों में कराये गये सेनेटाईजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग के संबंध में।

महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या– 1108/LXXXVII-CPC/e-Courts/Allahabad dated 20-05-2020 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 22.05.2020 को न्यायालय खोले जाने के पूर्व सम्पूर्ण न्यायालय परिसर, न्यायालयों एवं कार्यालय कक्षों में नगर निगम के कर्मचारियों के माध्यम से सेनेटाईजेशन कराया गया तथा न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण का प्रवेश के समय थर्मल स्कैनिंग न्यायालय प्रबंधक एवं अध्यक्ष कोरोना रोकथाम एवं उपचार समिति दीवानी न्यायालय, वाराणसी द्वारा संपन्न कराया गया।

अतः पत्र के साथ न्यायालय प्रबंधक एवं अध्यक्ष कोरोना रोकथाम एवं उपचार समिति दीवानी न्यायालय, वाराणसी की आख्या, संलग्न कर माननीय महोदय के सुलभ संदर्भ हेतु प्रेषित है। कृपया उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही से माननीय न्यायालय को अवगत कराने की कृपा करें।

भवदीय,

Usharma

(उमेश चन्द्र शर्मा)
जनपद न्यायाधीश,
वाराणसी।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

प्रेषक,

लोकेश राय,
माननीय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश(भ्र0नि0अ0)कोर्ट सं02/
अध्यक्ष/कोरोना रोकथाम एवं उपचार समिति,
दीवानी न्यायालय, वाराणसी।

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
वाराणसी।

विषयः न्यायालय परिसर एवं न्यायालय भवनों में आज दिनांक 22.05.2020 को कराये गये सैनिटाईजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग के सम्बन्ध में ।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि न्यायालय प्रबन्धक की आख्यानुसार माननीय महोदय द्वारा दिनांक 21.05.2020 को दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 22.05.2020 सम्पूर्ण न्यायालय परिसर, न्यायालय एवं कार्यालय कक्षों में नगर निगम के कर्मचारियों के माध्यम से सैनिटाईजेशन कराया गया तथा न्यायालय परिसर में गेट नं0 1 से न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण के प्रवेश के समय सभी लोगों का थर्मल स्कैनिंग कराया गया है। सुलभ सन्दर्भ हेतु न्यायालय प्रबन्धक की आख्या संलग्न है।

तद्नुसार आख्या माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

सम्मान सहित।

दिनांकः 22.05.2020

भवदीय,

LokeshRai 22-5-20

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

( लोकेश राय)
माननीय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश(भ्र0नि0अ0)कोर्ट सं02/
अध्यक्ष/कोरोना रोकथाम एवं उपचार समिति,
दीवानी न्यायालय, वाराणसी।

सेवा में,

माननीय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश(भ्र0नि0अ0)कोर्ट सं02/
अध्यक्ष/कोरोना रोकथाम एवं उपचार समिति,
दीवानी न्यायालय, वाराणसी।

विषयः न्यायालय परिसर में आज दिनांक 22.05.2020 को कराये गये
सैनिटाईजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 22.05.2020 को गेट नं0 1 से न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण को न्यायालय परिसर में प्रवेश दिलाया गया। प्रवेश के समय सभी लोगों का थर्मल स्कैनिंग कराया गया एवं नगर निगम के कर्मचारियों से सम्पूर्ण न्यायालय परिसर, न्यायालय कक्ष एवं कार्यालयों का सैनिटाईजेशन कराया गया।

आख्या माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

सम्मान सहित।

दिनांकः 22.05.2020

भवदीय,

Anand 22/5/20

(अश्विनी आनन्द)
न्यायालय प्रबन्धक,
वाराणसी।